दिन– रविवार दिनांक– 31/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा किये। मन की बात कार्यक्रम की यह एक सौ चौंतीसवी कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से भीषण गर्मी को लेकर इन दिनों अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने और धूप से बचाव के उपाय करके ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी से राहत के लिए आम पन्ना, छाछ, लस्सी, सत्तू, शरबत, बेल पन्ना, पनाकम, नीर मोर, सांभरम, कोकम शरबत और सोल कढ़ी का सेवन करना उपयोगी है। उन्होंने कहा कि ये पेय पदार्थ एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को दर्शाते हैं और इनमें पीढ़ियों का अनुभव समाहित है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश की अमूल्य धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ज्ञान भारतम अभियान के तहत छत्तीसगढ़ के मल्हार में छठी–सातवीं शताब्दी के पांडु वंश के महर्षि बलार्जुन से जुड़ी दुर्लभ तांबे की तीन प्लेटें भी मिली हैं। प्रधानमंत्री ने झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित राष्ट्रीय वरिष्ठ एथलेटिक्स महासंघ प्रतियोगिता की चर्चा की। इसमें लगभग 800 एथलीटों ने भाग लिया था। श्री मोदी ने गुरिंदर वीर सिंह, विशाल टी.के., तेजस्विन शंकर, देव मीना और कुलदीप कुमार को चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने पर बधाई दी। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में रिकॉर्ड तोड़ने वाले गुरिंदर वीर सिंह और अनिमेष कुजूर से बात भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि खगोल विज्ञान ने देश की हर पीढ़ी में जिज्ञासा जगाई है। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान देश में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। श्री मोदी ने युवाओं से खगोल विज्ञान क्लब में शामिल होने और छुट्टियों के दौरान तारामंडल देखने की अपील की।

प्रधानमंत्री ने बताया कि नमामि गंगे अभियान के तहत बनाई गई भारत की पहली गंगा डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री मोदी ने कहा कि गंगा डॉल्फिन संरक्षण से नदी की जैव विविधता और अमूल्य प्राकृतिक धरोहर का संरक्षण भी होता है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और कार्यक्रम में विशेष तौर पर बिहार का उल्लेख किए जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में भीषण गर्मी से बचाव के लिए बिहार के पारंपरिक पेय सत्तू तथा प्रसिद्ध जर्दालु आम का उल्लेख करना राज्य की विशिष्ट पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करता है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, स्थानीय उत्पादों और जनजीवन से जुड़े विषयों का उल्लेख राज्यवासियों के लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

———————————————————————

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने आज सत्ताइसवें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी का स्थान लिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्री स्वामीनाथन ने कहा कि चुनौतीपूर्ण, जटिल और अनिश्चितताओं से भरे परिवेश को देखते हुए नौसेना सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि नौसेना का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे श्रेष्ठतम स्तर की युद्ध–क्षमता से लैस किया जाएगा।

———————————————————————

मौसम विभाग ने आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, गोपालगंज, सीवान, सारण, शेखपुरा पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण सहित राज्य के कई क्षेत्रों में आंधी–बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है।

———————————————————————

अररिया जिले में पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर अलग–अलग क्षेत्रों से नौ सौ लीटर देशी–विदेशी शराब के साथ इकतालीस लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

भोजपुर जिला में साइबर थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाले नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर ऑनलाइन गेमिंग के जरिये करोड़ो रूपये की ठगी करने को आरोप है।

———————————————————————

शेखपुरा जिला में विश्व तंबाकू निषेद दिवस के अवसर पर आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा न्यायालय परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला जज संतोष्ज्ञ कुमार तिवारी ने सभी पदाधिकारियों, और कर्मियों को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई।

———————————————————————

समाप्त